Hanuman Chalisa Ka Hindi Anuwad

॥श्रीगुरु चरन सरोज रज निज मनु मुकुरु सुधारि ॥
॥बरनउँ रघुबर बिमल जसु जो दायकु फल चारि ॥

अथता- श्री गुरु महाराज के चरण कमलों की धूलि से अपने मन रूपी दर्पण को पवित्र करके श्री रघुवीर के निर्मल यश का वर्णन करता हूँ, जजो चारों फल धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष को देने वाला है।

॥बुद्धिहीन तनु जानिके, सुमिरौं पवन कुमार ॥
॥बल बुधि विद्या देहु मोहि, हरहु कलेश विकार ॥

अथता - हे पवन कुमार! मैं आपको सुमिरन करता हूँ। आप तो जानते ही हैं, कि मेरा शरीर और बुद्धि निर्बल है। मुझे शारीरिक बल, सद्बुद्धि एवं ज्ञान दीजिए और मेरे दुःखों व दोषों का नाश कर दीजिए।

चौपाई

॥जय हनुमान ज्ञान गुन सागर॥
॥जय कपीस तिहुँ लोक उजागर॥

अथता- श्री हनुमान जी!आपकी जय हो। आपका ज्ञान और गुण अथाह है। हे कपीश्वर! आपकी जय हो! तीनों लोकों, स्वर्ग लोक, भूलोक और पाताल लोक में आपकी कीर्ति है।

॥राम दूत अतुलित बल धामा॥
॥अंजनि पुत्र पवनसुत नामा॥१॥

अथता - हे पवनसुत अंजनी नंदन! आपके समान दूसरा बलवान , नहीं है।

॥महाबीर बिक्रम बजरंगी
॥कुमति निवार सुमति के संगी॥२॥

अथता- हे महावीर बजरंग बली!आप विशेष पराक्रम वाले है।
आप खराब बुद्धि को दूर करते है, और अच्छी बुद्धि वालो के साथी,
सहायक है।

॥कंचन बरन बिराज सुबेसा॥
॥कानन कुंडल कुँचित केसा॥३॥

अथता- आप सुनहले रंग, सुन्दर वस्त्रों, कानों में कुण्डल और
घुंघराले बालों से सुशोभित हैं।

॥हाथ बज्र अरु ध्वजा बिराज॥
॥काँधे मूँज जनेऊ साजे॥४॥

अथता- आपके हाथ में बज्र और ध्वजा है और कन्धे पर मूंज
के जनेऊ की शोभा है।

॥शंकर सुवन केसरी नंदन॥
॥तेज प्रताप महा जगवंदन॥५॥

अथता- हे शंकर के अवतार!हे केसरी नंदन आपके पराक्रम
और महान यश की संसार भर में वन्दना होती है।

॥विद्यावान गुनी अति चातुर॥
॥राम काज करिबे को आतुर॥६॥

अथता आप प्रकान्ड विद्या निधान है, गुणवान और अत्यन्त
कार्य कुशल होकर श्री राम काज करने के लिए आतुर रहते है।

॥प्रभु चरित्र सुनिबे को रसिया॥
॥राम लखन सीता मनबसिया॥७॥

अथता- आप श्री राम चरित सुनने में आनन्द रस लेते है।श्री
राम, सीता और लखन आपके हृदय में बसे रहते है।

InstoAstro

॥सूक्ष्म रूप धरि सियहि दिखावा॥
॥विकट रूप धरि लंक जरावा॥८॥

अथता- आपने अपना बहुत छोटा रूप धारण करके सीता जी को दिखलाया और भयंकर रूप करके लंका को जलाया।

॥भीम रूप धरि असुर सँहार॥
॥रामचंद्र के काज सवाँरे॥॥९॥

अथता - आपने विकराल रूप धारण करके राक्षसों को मारा और श्री रामचन्द्र जी के उद्देश्यों को सफल कराया।

॥लाय सजीवन लखन जियाए॥
॥श्री रघुबीर हरषि उर लाए॥॥१०॥

अथता- आपने संजीवनी बूटी लाकर लक्ष्मण जी को जिलाया जिससे श्री रघुवीर ने हर्षित होकर आपको हृदय से लगा लिया।

॥रघुपति कीन्ही बहुत बड़ाइ॥
॥तुम मम प्रिय भरत-हि सम भाई॥॥११॥

अथता- श्री रामचन्द्र ने आपकी बहुत प्रशंसा की और कहा की तुम मेरे भरत जैसे प्यारे भाई हो।

॥सहस बदन तुम्हरो जस गावै
॥अस कहि श्रीपति कंठ लगावै॥॥१२॥

अथता- श्री राम ने आपको यह कहकर हृदय से लगा लिया की तुम्हारा यश हजार मुख से सराहनीय है।

॥सनकादिक ब्रह्मादि मुनीसा॥
॥नारद सारद सहित अहीसा॥॥१३॥

InstaAstro

अथता- श्री सनक, श्री सनातन, श्री सनन्दन, श्री सनत्कुमार आदि मुनि ब्रह्मा आदि देवता नारद जी, सरस्वती जी, शेषनाग जी सब आपका गुण गान करते है।

॥जम कुबेर दिगपाल जहाँ ते
॥कवि कोविद कहि सके कहाँ ते॥॥४॥

अथता- यमराज, कुबेर आदि सब दिशाओं के रक्षक, कवि , विद्वान, पंडित या कोई भी आपके यश का पूर्णतः वर्णन नहीं कर सकते।

॥तुम उपकार सुग्रीवहि कीन्हा
॥राम मिलाय राज पद दीन्हा॥॥५॥

अथता - आपने सुग्रीव जी को श्रीराम से मिलाकर उपकार किया , जिसके कारण वे राजा बने।

॥तुम्हरो मंत्र बिभीषण माना
॥लंकेश्वर भये सब जग जाना॥॥६॥

अथता - आपके उपदेश का विभीषण जी ने पालन किया जिससे वे लंका के राजा बने, इसको सब संसार जानता है।

॥जुग सहस्त्र जोजन पर भानू
॥लिल्यो ताहि मधुर फल जानू॥॥७॥

अथता - जो सूर्य इतने योजन दूरी पर है की उस पर पहुँचने के लिए हजार युग लगे।दो हजार योजन की दूरी पर स्थित सूर्य को आपने एक मीठा फल समझकर निगल लिया।

॥प्रभु मुद्रिका मेलि मुख माही
॥जलधि लाँघि गए अचरज नाही॥॥८॥

अथता - आपने श्री रामचन्द्र जी की अंगूठी मुँह में रखकर समुद्र को लांघ लिया, इसमें कोई आश्चर्य नहीं है।

॥दुर्गम काज जगत के जेते
॥सुगम अनुग्रह तुम्हरे तेते॥१९॥

अथता - संसार में जितने भी कठिन से कठिन काम हो, वो आपकी कृपा से सहज हो जाते है।

॥राम दुआरे तुम रखवारे
॥होत ना आज्ञा बिनु पैसारे॥९॥

अथता - श्री रामचन्द्र जी के द्वार के आप रखवाले है, जिसमें आपकी आज्ञा बिना किसी को प्रवेश नहीं मिलता अर्थात आपकी प्रसन्नता के बिना राम कृपा दुर्लभ है।

॥सब सुख लहैं तुम्हारी सरना
॥तुम रक्षक काहु को डरना॥११॥

अथता - जो भी आपकी शरण में आते है, उस सभी को आन्नद प्राप्त होता है, और जब आप रक्षक है, तो फिर किसी का डर नहीं रहता।

॥आपन तेज सम्हारो आपै
॥तीनों लोक हाँक तै कापै॥१२॥

अथता - आपके सिवाय आपके वेग को कोई नहीं रोक सकता, आपकी गर्जना से तीनों लोक काँप जाते है।

॥भूत पिशाच निकट नहि आवै
॥महावीर जब नाम सुनावै॥१३॥

अथता - जहाँ महावीर हनुमान जी का नाम सुनाया जाता है, वहाँ भूत, पिशाच पास भी नहीं फटक सकते।

॥नासै रोग हरे सब पीरा
॥जपत निरंतर हनुमत बीरा॥१४॥

अथता - वीर हनुमान जी!आपका निरंतर जप करने से सब रोग चले जाते है, और सब पीड़ा मिट जाती है।

InstaAstro

॥संकट तै हनुमान छुडावै
॥मन क्रम वचन ध्यान जो लावै॥१५॥

अथता - हे हनुमान जी! विचार करने में, कर्म करने में और बोलने में, जिनका ध्यान आपमें रहता है, उनको सब संकटों से आप छुड़ाते है।

॥सब पर राम तपस्वी राजा
॥तिनके काज सकल तुम साजा॥१६॥

अथता - तपस्वी राजा श्री रामचन्द्र जी सबसे श्रेष्ठ है, उनके सब कार्यों को आपने सहज में कर दिया।

॥और मनोरथ जो कोई लावै
॥सोई अमित जीवन फल पावै॥१७॥

अथता - जिस पर आपकी कृपा हो, वह कोई भी अभिलाषा करे तो उसे ऐसा फल मिलता है जिसकी जीवन में कोई सीमा नहीं होती।

॥चारों जुग परताप तुम्हारा
॥है परसिद्ध जगत उजियारा॥१८॥

अथता - चारों युगों सतयुग, त्रेता, द्वापर तथा कलियुग में आपका यश फैला हुआ है, जगत में आपकी कीर्ति सर्वत्र प्रकाशमान है।

॥साधु संत के तुम रखवारे
॥असुर निकंदन राम दुलारे॥२९॥

अथता - हे श्री राम के दुलारे ! आप सज्जनों की रक्षा करते है और दुष्टों का नाश करते है।

॥अष्ट सिद्धि नौ निधि के दाता
॥अस बर दीन जानकी माता॥२०॥

अथता - आपको माता श्री जानकी से ऐसा वरदान मिला हुआ है, जिससे आप किसी को भी आठों सिद्धियां और नौ निधियां दे सकते है।

InstaAstro

॥राम रसायन तुम्हरे पासा
॥सदा रहो रघुपति के दासा॥२१॥

अथता - आप निरंतर श्री रघुनाथ जी की शरण में रहते है, जिससे आपके पास बुढ़ापा और असाध्य रोगों के नाश के लिए राम नाम औषधि है।

॥तुम्हरे भजन राम को पावै
॥जनम जनम के दुख बिसरावै॥२२॥

अथता - आपका भजन करने से श्री राम जी प्राप्त होते है, और जन्म जन्मांतर के दुःख दूर होते है।

॥अंतकाल रघुवरपुर जाई
॥जहाँ जन्म हरिभक्त कहाई॥२३॥

अथता - अंत समय श्री रघुनाथ जी के धाम को जाते है और यदि फिर भी जन्म लेंगे तो भक्ति करेंगे और श्री राम भक्त कहलायेंगे।

॥और देवता चित्त ना धरई
॥हनुमत सेई सर्व सुख करई॥२४॥

अथता - हे हनुमान जी!आपकी सेवा करने से सब प्रकार के सुख मिलते है, फिर अन्य किसी देवता की आवश्यकता नहीं रहती।

॥संकट कटै मिटै सब पीरा
॥जो सुमिरै हनुमत बलबीरा॥२५॥

अथता - हे वीर हनुमान जी! जो आपका सुमिरन करता रहता है, उसके सब संकट कट जाते है और सब पीड़ा मिट जाती है।

॥जै जै जै हनुमान गुसाईं
॥कृपा करहु गुरु देव की नाई॥२६॥

अथता - हे स्वामी हनुमान जी!आपकी जय हो, जय हो, जय हो!आप मुझपर कृपालु श्री गुरु जी के समान कृपा कीजिए।

InstaAstro

॥जो सत बार पाठ कर कोई
॥छूटहि बंदि महा सुख होई॥२७॥

अथता - जो कोई इस हनुमान चालीसा का सौ बार पाठ करेगा वह सब बन्धनों से छुट जायेगा और उसे परमानन्द मिलेगा।

॥जो यह पढ़े हनुमान चालीसा
॥होय सिद्ध साखी गौरीसा॥२८॥

अथता - भगवान शंकर ने यह हनुमान चालीसा लिखवाया, इसलिए वे साक्षी है, कि जो इसे पढ़ेगा उसे निश्चय ही सफलता प्राप्त होगी।

॥तुलसीदास सदा हरि चेरा
॥कीजै नाथ हृदय मह डेरा॥३९॥

अथता - हे नाथ हनुमान जी! तुलसीदास सदा ही श्री राम का दास है। इसलिए आप उसके हृदय में निवास कीजिए।

दोहा

॥पवन तनय संकट हरन, मंगल मूरति रूप।
॥राम लखन सीता सहित, हृदय बसहु सुर भूप॥

अथता - हे संकट मोचन पवन कुमार! आप आनन्द मंगलो के स्वरूप है। हे देवराज! आप श्री राम, सीता जी और लक्ष्मण सहित मेरे हृदय में निवास कीजिए।

InstaAstro